**फा. सं. 15(31)2020 /फॉसकॉस/वि.अनु./एफएसएसएआई**
**भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण**
**(खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के अन्तर्गत स्थापित एक स्वायत्त प्राधिकरण)**
**(विनियामक अनुपालन प्रभाग)**
**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय**
**तृतीय तल, एफडीए भवन , कोटला रोड,**
**नई दिल्ली- 110002**

दिनांक - 8 जून , 2021

## आदेश

**विषय- खाद्य कारोबारीयो द्वारा खाद्य उत्पाद की बिक्री पर रसीद /इनवॉयस /कैश मेमो/ बिल इत्यादि पर एफएसएआइ लाइसेंस/ पंजीकरण संख्या का उल्लेख अनिवार्य करने के संबंध में**

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के अनुसार कोई भी खाद्य कारोबार शुरू करने से पहले प्रत्येक खाद्य कारोबारी के पास एफएसएसएआई लाईसेंस या पंजीकरण होना अनिवार्य है । एफएसएस अधिनियम 2006 के अन्तर्गत आए नियमों और विनियमो का कार्यान्यवन एफएसएसएआई लाइसेंस और पंजीकरण संख्या पर निर्भर करता है ।

2. खाद्य कारोबार एक वृहत पारिस्थितिकि तंत्र है तथा किसी भी खाद्य कारोबारी की एफएसएसएआई संख्या उपभोक्ता / सेवाग्रही ग्राहक को आसानी से उपलब्ध नहीं होती । कोई भी विश्वसनीय विनियामक संरचना एक मजबूत ग्राहक शिकायत प्रणाली पर निर्भर करती है जहाँ सेवादाता या ग्राहक शिकायत दुर करने की माँग कर सकते है । हालाँकि एफएसएसएआई संख्या उपलब्ध न होने पर किसी से पूर्ण निर्देशांको सहित शिकायत की आशा रखना एक कठिन कार्य है । यहां तक की नियामक के लिए भी शिकायत का पता लगाने और उस पर जल्द से जल्द कार्य करना मुश्किल हो जाता है । कोइ भी डाटाबेस जो कि खाद्य सुरक्षा की स्थिती मे उसका एफएसएसएआई नम्बर है बिना ‘लोकेटर कोड’ के तैयार नहीं किया जा सकता ।

3. वर्तमान में पैक किए गए खाद्य लेबलों पर एफएसएसएआई नम्बर का होना अनिवार्य है परन्तु कठिनाई विशेषकर रेस्तरां /मिठाई की दुकाने /केटरर/ खुदरा दुकाने , इत्यादि प्रतिष्टानों के मामले में आती है । एफएसएस ( खाद्य कारोबारीयो का लाइसेसिंग और पंजीकरण )

विनियमो तथा रेस्तरां की स्थिती में मुख्य क्षेत्रों पर खाद्य सुरक्षा 'डिस्पले बोर्ड' का प्रदर्शन अनिवार्य किया जा रहा है ।

4. अब खाद्य प्राधिकरण की सहमति से सभी खाद्य कारोबारियों के लिए कैश रसीद / खरीदी रसीद /कैश मेमो/ बिल पर 14 अंक वाले एफएसएसएआई लाइसेंस या पंजीकरण संख्या का होना अनिवार्य कर दिया गया है । जब एक कारोबारी दो लेन - देन दस्तावेज जारी करता है जैसै परिवाहक द्वारा परिवहन चालान /बिल आदि या इनवॉयस जारी करने की स्थिती में दोनो दस्तावेजों पर एफएसएसएआई नम्बर का होना अनिवार्य है । इसका एकमात्र विकल्प जीएसटी ई-वे बिल या ऐसा कोई अन्य सरकारी दस्तावेज है जो सिस्टम द्वारा जारी किया गया हो ।

5. इससे उपभोक्ता एफएसएसएआई पोर्टल पर सार्वजनिक रूप से उपलब्ध किसी विशेष खाद्य कारोबार के बारे में सूचना प्राप्त कर सकेंगे । उपभोक्ता एफएसएसएआई पोर्टल और 'फूड सेफ्टी कनेक्ट' ऐप पर जाकर एफएसएसएआई लाइसेंस और पंजीकरण के बारे मे सूचना प्राप्त कर सकते है । इसके लिए उन्हें केवल अपना 14 अंको वाला एफएसएसएआई लाइसेंस पंजीकरण संख्या देना पड़ेगा ।

6. किसी शिकायत की स्थिती में उपभोक्ता किसी विशेष खाद्य कारोबार के विरूद्ध एफएसएसएआई संख्या प्रयोग कर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं । विशिष्ट सूचना के अभाव में कई शिकायते अधूरी रह जाती है ।

7. एफएसएसएआई संख्या का उल्लेख एफएसएसएआई को और भी जागरूक बनाएगा । संख्या का उल्लेख न करने पर यह खाद्य कारोबारी द्वारा गैर अनुपालन या गैर पंजीकरण या लाइसेंसिग मानी जाएगी । इससे खाद्य कारोबारियों में एफएसएसएआई लाइसेंसिग पंजीकरण हेतु माँग और दबाव बनेगा ।

8. पहले से पैक किए गए खाद्य जहां पैक पर विनिर्माता की एफएसएसएआई संख्या लिखी हुई है , वहां भी पता लगाने वाले यंत्र का अभाव है जिसके तहत पैकैज के रास्ते विनिर्माता से उपभोक्ता तक पहुंचा जा सकता है । यह इनवॉयस इस पथ को बनाने में मदद करता है । एफएसएसएआई संख्या का उल्लेख खाद्य उत्पादो का पता लगाने मे सुधार करेगा ।

9. किसी भी नए लेन-देन दस्तावेज का जारी किया जाना अनिवार्य नहीं किया गया है । यह नीति कर कानूनो में पहले से मौजुद वाणिज्यीक , लेन-देन व्यवहार और विनियामक आवश्यकताओ को लाभान्वित करने के लिए है । अत: एफएसएसएआई न्युनतम अनुपालन मूल्य बनाए रखना चाहता है और साथ ही उसके पास डाटा प्रसार और प्रकटीकरण भी है ।

10. उपरोक्त को देखते हुए खाद्य कारोबारियों को कैश रसीद /खरीद इनवॉयस/ कैश मेमो /बिल इत्यादि पर एफएसएसएआई लाइसेंस या पंजीकरण संख्या का उल्लेख करना होगा । लाइसेंसिग और पंजीकरण प्राधिकरणों को यह निदेश दिया जाता है कि वे इस नीति का व्यापक रूप से प्रचार करें तथा **1 अक्तूबर ,2021** से इसका कार्यान्वयन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें ।

11. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जाता है ।

भवदीय,

( इनोशी शर्मा )

निदेशक ( विनियामक अनुपालन )

Email: ed-office@fssai.gov.in

सेवा में,

1. सभी खाद्य कारोबारी , संघ, खाद्य सुरक्षा मित्र और अन्य हितधारक
2. सभी राज्यो संघ राज्य क्षेत्र के खाद्य सुरक्षा आयुक्त
3. सभी क्षेत्रिय कार्यालयो के निदेशक, एफएसएसएआई
4. सी.टी.ओ- एफएसएसएआई वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए

प्रतिलिपि -

1. प्रधान निजी सचिव से अध्यक्ष , एफएसएसएआई - सूचनार्थ
2. निजी सचिव से मुख्य कार्यकारी अधिकारी - सूचनार्थ
3. मुख्य ( वि. अ. )